

# यात्री बस ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी, महिला की मौत, 5 जख्मी



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 फरवरी।** चार सवारी की क्षमता वाले ई रिक्शा में बैठकर भूमियां बाबा मंदिर पर दर्शन करने जा रहे एक ही परिवार के छह लोगों को सामने से आ रहे तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। इस हादसे में ई रिक्शा में बैठी एक वृद्ध महिला की मौत हो गईए जब पांच लोग जख्मी हो गए। हादसा मुरैना-अंबाह रोड पर खेरा के पास सोमवार सुबह 10 बजे हुआ। माताबसैया पुलिस ने टक्कर मारने वाली बस के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

**4 बैठक क्षमता वाले ई-रिक्शा में सवार थे 6 लोग, अंबाह रोड पर खेड़ा गांव के पास हादसा**

जानकारी के अनुसार शहर के आमपुरा निवासी दाताराम गौड़ ;72द्ध का परिवार सोमवार सुबह भूमियां बाबा मंदिर पर दर्शन करने के लिए ई रिक्शा से गया था। ई रिक्शा में छह लोग सवार थे। जैसे ही ई रिक्शा माताबसैया थाना क्षेत्र में मुरैना.अंबाह रोड स्थित खेरा मोड़ पर पहुंचा। अंबाह साइड से आ रही बस बस क्रमांक एमपी.06.पी.0524 ने ई रिक्शा को टक्कर मार दीए जिससे ई रिक्शा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में ई रिक्शा में बैठी सुनीता ;50द्ध पत्नी वासुदेव प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मुन्नीदेवी ;70द्ध पत्नी दाताराम गौड़ए अर्चना ;40द्ध पत्नी मांगी गौड़ए मांगी ;48द्ध पुत्र दाताराम गौड़, शिवम ;17द्ध पुत्र मांगी गौड़ए लवकुश ;26द्ध पुत्र पप्पू गौड़ बुरी तरह से जख्मी हो गए। 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।



**गांव, शहर, हाईवे पर ई रिक्शा में ओवरलोडिंग, कार्रवाई नहीं :** गांव, शहर हो अथवा हाईवे, हर जगह चार-चार सवारियों की क्षमता वाले ई-रिक्शा में ओवरलोडिंग हो रही थी। ई-रिक्शा में छह से लेकर आठ सवारियां बैठाकर उनके ऊपर सामान भी बांध दिया जाता है। बिना रजिस्ट्रेशन, फिटनेस के दौड़ने वाले इन ई-रिक्शा से हर महीने औसतन पांच से छह हादसों में लोगों की जान जा रही है।

**इनकी रही उपस्थिति**

ओवरलोड ई रिक्शा पर हम समय-समय पर कार्रवाई करते हैं। दो से तीन महीने में हमने एक हजार चालान भी किए, कार्रवाई को तेज करेंगे।
– संतोष भदौरिया, टीआई ट्रैफिक

# साड़ी की दुकान के ताले तोड़कर बैटरी-इन्वर्टर व नगदी चोरी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 फरवरी।** शहर के सदर बाजार स्थित एक साड़ी की दुकान के ताले चटकाकर अज्ञात बदमाश गल्ले में रखे पांच हजार रूपये नकदी सहित इन्वर्टर, बैटरी सहित अन्य सामान को चुराकर ले गए। चोरी की वारदात रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात को हुई।

**शहर के सदर बाजार में रविवार की रात को हुई घटना**

जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत सदर बाजार स्थित रेखा साड़ी सेंटर की दुकान को संचालक रविवार की शाम ताला लगाकर गए थे। सोमवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचें तो दुकान के ताले टूटे हुए मिले। दुकान के अंदर जाने पर चोरी होने का पता चला। दुकान संचालक के अनुसार बदमाश दुकान के गल्ले से 5 हजार रूपये नकदी, इन्वर्टर, बैटरी के साथ अन्य सामान चुराकर ले गए है। दुकान संचालक की सूचना पर स्टेशन रोड थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचीं और मौका मुआयना किया। सदर बाजार के दुकानदारों ने पुलिस पर रात्रिकालीन गश्त के दौरान लापरवाही बरते जाने के आरोप लगाए है।

# श्रद्धालुओं से भरी ट्रेवलर कंटेनर में घुसी, एक यात्री की मौत, 10 घायल

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 फरवरी।** यूपी के मथुरा-वृंदावन में दर्शन करने के बाद उज्जैन के महाकालेश्वर जा रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रेवलर गाड़ी सडक़ किनारे खड़े कंटेनर में घुस गई। जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। हादसा बानमोर थाना क्षेत्र में एनएच-44 पर रविवार-सोमवार की रात डेढ़ बजे हुआ।

**झारखंड के रहने वाले हैं सभी यात्री, दिल्ली से वृंदावन दर्शन कर उज्जैन जा रहे थे मृतक-घायल**







जानकारी के अनुसार विपिन (47) पुत्र गोपाल, आरती (45) पत्नी देवलू, ममता (38) पत्नी प्रमोद, कुसुम (45) पत्नी अनिल, शोभादेवी (42) पत्नी हरिद्वार प्रसाद, सोनी (36) पत्नी रविंद्र, रविंद्र (40) पुत्र बैजनाथ, देवरानी (50) पत्नी बैजनाथ, रिंकी देवी (31) पत्नी उमेश, बल्ली (40) पुत्र विश्वनाथ व उमेश गुप्ता दिल्ली से ट्रेवलर किराए पर लेकर तीर्थ दर्शन के लिए निकले थे। सबसे पहले यह लोग वृंदावन पहुंचे, जहां इन्होंने बांके बिहारी के दर्शन किए। इसके बाद यह लोग सीधे उज्जैन केलिए रवाना हुए। मुरैना से गुजरते वक्त बानमोर थाना क्षेत्र में इन श्रद्धालुओं की ट्रेवलर सडक़ किनारे खड़े टैंकर में जा घुसी। हादसा रात 1.30 बजे हुआ, जो इतना भीषण था कि ट्रेवलर के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार उमेश गुप्ता नामक श्रद्धालु की मौत हो गई। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 फरवरी।** रेलवे स्टेशन मुरैना पर सोमवार की सुबह एक युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नूराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लभनपुरा निवासी दीपेन्द्र सिंह नेकाड़ी 25 पुत्र रुस्तम सिंह निवासी नेकाड़ी सोमवार की सुबह ग्वालियर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचा था। ट्रेन पकड़ने के लिए दीपेन्द्र फुट ओवर ब्रिज से जाने के बजाय रेलवे ट्रेक को पार कर रहा था, इसी दौरान दीपेन्द्र ट्रेक पर आ रही मालगाड़ी को देख नहीं सका, मालगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। जीआरपी के जवानों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# 5 को यूजीसी के विरोध में मुरैना रहेगा बंद

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 फरवरी।** यूजीसी के नए नियमों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को सामान्य वर्ग द्वारा 5 फरवरी को बाजार बंद का आह्वान किया गया है।

गांधी मैरिज होम में सोमवार को हुई बैठक में ब्राह्मण समाज की ओर से दिनेश डंडौतियाए क्षत्रिय समाज की ओर से महेंद्र सिकरवारए अशोक सिकरवार खांड़ौली ने मुरैना शहर के व्यापारियोंए सवर्ण समाज के लोगों से 5 फरवरी को बाजार बंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई व्यापारियों से नहीं बल्कि सरकार से है। इसलिए व्यापारी स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर हमारा साथ दें।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, केस दर्ज**

मुरैना, 2 फरवरी। सिहौनिया थाना क्षेत्र में विगत 24 जनवरी को अज्ञात वाहन ने महिला इंद्रादेवी पत्नी दिनेश सिंह तोमर नि. सिहौनिया को टक्कर मारकर जख्मी कर दिया था।

उसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# आम बजट आमजन पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला : दिनेश

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 फरवरी।** विधायक मुरैना दिनेश गुर्जर ने वित्त विधेयक 2026-2027 को लेकर प्रतिक्रिया जाहिर की है, उन्होंने आमबजट-2026 को जनकल्याण के विपरीत जनविरोधी और देश की जनता पर आर्थिक बोझ को बढ़ाने वाला करार दिया है।

**केन्द्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर मुरैना विधायक की प्रतिक्रिया**



प्रेस को जारी विज्ञप्ति में विधायक श्री गुर्जर ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि लोकसभा में 1 फरवरी को प्रस्तुत किए गए बजट के माध्यम से युवा, मध्यमवर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सहित देश के अन्नदाता पर मंहगाई के दबाव को बढ़ाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स तथा अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि के कारण नौकरीपेशा युवाओं की वास्तविक आय में कमी आएगी। शिक्षा, कौशल विकास और स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के स्थान पर सरकार युवाओं के भविष्य पर अतिरिक्त करों का भार डाल रही है, जो चिंताजनक है। किसानों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि खाद, बीज और डीजल जैसे कृषि इनपुट्स पर अप्रत्यक्ष करों का प्रभाव उत्पादन लागत को लगातार बढ़ा रहा है। समर्थन मूल्य, सिंचाई व्यवस्था और कृषि अधोसंरचना में आवश्यक सुधार के ठोस प्रावधानों का अभाव किसान की आर्थिक स्थिति को और कमजोर करेगा। श्री गुर्जर ने आरोप लगाया कि इस वित्त विधेयक में बड़े कॉरपोरेट घरानों को प्राथमिकता और राहत दी गई है, जबकि उसकी भरपाई आम नागरिकों से करों के माध्यम से की जा रही है। उन्होंने इसे असंतुलित, असमान और जनविरोधी नीति करार दिया। विधायक गुर्जर ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि कांग्रेस पार्टी इस वित्त विधेयक के उन सभी प्रावधानों का विरोध करेगी जो आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाले है। उन्होंने सरकार से मांग की कि टैक्स बढ़ाने के बजाय रोजगार सृजन, किसान कल्याण और महंगाई नियंत्रण को प्राथमिकता दी जाए, क्योंकि वास्तविक विकास वही है जो जनता के आर्थिक हितों और सम्मान की रक्षा करे।


## एक नजर में

### सोशल ग्रुप अंबाह के नवनिर्वाचित पदाधिकारी हुए सम्मानित



**मुरैना/अंबाह, 2 फरवरी।** अतिशय क्षेत्र सेसई में आयोजित दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप की संभागीय बैठक में ग्रुप के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम का आयोजन वात्सल्य समूह शिवपुरी एवं अविवाहित प्रतिभाएं प्रस्तुति समूह शिवपुरी के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में नव निर्वाचित अध्यक्ष संतोष जैन (बबलू) सहित संस्था के पदाधिकारी नितिन जैन लवली, विकास जैन पाड़े, उपेंद्र जैन पटेल, सुशील जैन एवं अजय जैन का विशेष रूप से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों को हार, तिलक, माला एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आयोमजन शिवपुरी में मनीष कुमार जैन नरवर वालों के निवास पर हुआ। शिवपुरी शैली के निर्मल जैन का भी वात्सल्य समूह एवं अविवाहित प्रतिभाएं प्रस्तुति समूह द्वारा माला, दुपट्टा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

### सीएम हेल्पलाईन : एक सप्ताह में शत-प्रतिशत निराकरण करें : सीईओ



**मुरैना।** जिले की रैंकिंग में सुधार लाने के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश कुमार भार्गव ने समस्त जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान माह के साथ 50 से 100 दिवस तक लंबित शिकायतों का समय-सीमा में समाधान अनिवार्य हैए तभी जिले को राज्य स्तर पर बेहतर रैंकिंग प्राप्त हो सकेगी। यह निर्देश कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित टाइम लिमिट टीएल बैठक के दौरान दिए गए। बैठक में टीएल प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि टीएल प्रकरणों का निराकरण पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित फाइलें अनिवार्य रूप से लोकसेवा प्रबंधन शाखा को भेजी जाएं। बैठक में आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान नगर पालिका जौरा एवं नगर पालिका सबलगढ़ में लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए जाने पर संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

# सिय-पिय मिलन समारोह धर्म व आध्यात्म का संगम : कंषाना

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 फरवरी।** अंचल के विख्यात करह आश्रम (पटिया वाले बाबा) पर सिय-पिय मिलन का 68वां आध्यात्मिक समारोह धर्म और आध्यात्मक का महासंगम है। आस्था और भक्ति से सराबोर लाखों की संख्या में श्रद्धालु 7 दिन तक चलने वाले सिय-पिय मिलन समारोह में पहुंचेंगे।

**शुभारंभ मौके पर पहुंचें कृषि मंत्री कंषाना के सुपुत्र कप्तान सिंह-राहुल, लिया आर्शीवाद**



यह बात कृषि उपज मंडी के डायरेक्टर एवं मप्र शासन के कृषि मंत्री के सुपुत्र कप्तान सिंह उर्फ बंकू कंषाना ने कही। वे, सोमवार को 68 वें सिय-पिय मिलन आध्यात्मिक समारोह के शुभारंभ के मौके पर अनुज राहुल सिंह कंषाना के साथ करह आश्रम पहुंचें थे। दोनों भाईयों ने पटिया वाले बाबा के दर्शन किए, जिसके बाद करह आश्रम के संत दीनबंधु महाराज की चरण वंदना कर आर्शीवाद ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने समारोह के आयोजन से जुड़ी तैयारियों को देखा और आश्रम प्रबंधन को हरसंभव सहयोग एवं सेवा का विश्वास दिलाया। यहां बताना जरूरी होगा कि माघ पूर्णिमा 2 फरवरी से शुरू हुए सिय-पिय मिलन समारोह का आयोजन 9 फरवरी तक चलेगा। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को करह आश्रम पहुंचें मंडी डायरेक्टर श्री कंषाना के साथ सरपंच दिलीप सिंह कंषाना, बच्चू सिंह खासखेड़ा, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, महेश पहलवान, इसरार पहलवान, गुल्लू पहलवान, गिर्राज पहलवान, विष्णु पहलवान, राजू भानपुर, जितेन्द्र घुरैया, भोलू, एपी बारा, बबलू सरपंच, दलाल, परमजीत, भोला गुर्जर, विकास सक्सैना, अमित गोयल, रविन्द्र फौजी, सत्यवीर गुर्जर, जितेन्द्र मैथाना, रिंकू आदि उपस्थित थे।



## प्रशांत जिलाध्यक्ष-अजय महासचिव मनोनीत

**मुरैना, 2 फरवरी।** श्रमजीवी पत्रकार संघ की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि प्रशांत शर्मा को संगठन का जिलाध्यक्ष एवं प्रिंट मीडिया से जुड़े अजय डंडौतिया को महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन पर संगठन के सदस्यों एवं पत्रकार साथियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं है।

# करह आश्रम पर सिय-पिय मिलन महोत्सव शुरू, हजारों श्रद्धालु पहुंचे



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 2 फरवरी।** देशभर में प्रसिद्ध अंचल के तीर्थ स्थल करह आश्रम पर सात दिवसीय सिय-पिय महोत्सव सोमवार से शुरू हो गया। पहले ही दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दिव्यलीन संत रामरतन दास महाराज के दर्शन कर उनकी पूजा-अर्चना की। यहां बता दें कि संत रामरतन महाराज के दिव्यलीन होने पर हर साल सिय-पिय मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। इस बार 68वां समारोह हो रहा है।

**रामलीला, रासलीला, अखंड रामनाम धुन के साथ सुंदरकांड पाठ शुरू :** करह आश्रम पर संत रामरतनदास महाराज की 68वीं बरसी पर जहां वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रामलीला और रासलीला की प्रस्तुति दी जा रही है। वहीं अखंड रामनाम धुन भी जारी है। इसके अलावा सात दिन तक 101 ब्राह्मणों द्वारा यहां नित्य विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन भी किए जाएंगे।

**कड़ाहे में दूध का प्रसाद बांटते थे, आज भी संरक्षित है विशाल कड़ाही**

करह आश्रम के नामकरण की कहानी भी रोचक है। मानसिंह भगत बताते हैं कि करह आश्रम के सिद्ध संत रामरतनदास महाराज जहां पटिया पर बैठकर रामनाम जप किया करते थे। वहीं यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महाराजश्री विशाल कड़ाही अथवा कड़ाहे में दूध गर्म करते रहते थे और इसी दूध को प्रसाद के रूप में बांटते थे। समय के साथ कड़ाहे का अपभ्रंश शब्द करह कहलाया और इसके नाम से ही इसका नाम करह आश्रम कहलाया। आज भी यह विशाल कड़ाही मंदिर परिसर में सुरक्षित रखी हुई है।

## एक्सीडेंट में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**मुरैना, 2 फरवरी।** टेंटरा थाना क्षेत्र में विगत 3 जनवरी को हुए रोड एक्सीडेंट में नंदलाल बंजारा 27 पुत्र पप्पू बंजारा निवासी आगरा बुरी तरह जख्मी हो गया था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

# नगर में टिकिया चाट ठेले एवं नाश्ता व चाय दुकानदार सड़क व नाली में फैला रहे कचरा

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 2 फरवरी।** नगर में टिकिया चाट ठेले एवं नाश्ता व चाय दुकानदार सड़क व नाली में फैला रहे कचरा, कचरा डिब्बा रखवाने की तरफ नगरपालिका का नहीं कोई ध्यान।सबलगढ़ नगर में एक सैकड़ा से अधिक चाट ठेला एवं नाश्ता व चाय दुकानदार सड़क व नालियों में कचरा फैला रहे हैं। स्वच्छता अभियान के लिए संबंधित प्रतिष्ठान पर कचरा डिब्बा होना आवश्यक है। लेकिन नगर प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

**कचरा डिब्बा रखवाने की तरफ नगरपालिका का नहीं कोई ध्यान**





सड़क से कचरा गिरने से नालियां जाम हो रही है। शनिवार की शाम को चाट ठेला एवं नाश्ता व चाय दुकानदार सड़क व नालियों में कचरा फैला रहे हैं। नगर पालिका ने कई वर्षों से अभियान चला कर चाट ठेला एवं नाश्ता व चाय दुकानदारों को कचरे की डब्बा रखवाने के लिए लोन प्रेरित नहीं किया गया है ना ही उनके कभी भी चालान किया गया है। जिससे अपनी मर्जी के अनुसार कार्य कर रहे हैं। नगर प्रशासन का इनमें कोई खौप नहीं है। नगर में स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। स्वच्छता प्रभारी का पड़रिक्त होने से अलग-अलग कर्मचारियों पर प्रभार आता रहता है। वह बिना सीएमओ के आदेश के कोई कार्यवाही नहीं कर सकते हैं। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक भरोसी लाल जाटव का कहना नगर में स्वच्छता अभियान को बनाए रखने के लिए चाट ठेला एवं नाश्ता व चाय की दुकानों पर कचरे के डिब्बे रखवाएंगे और उनका चालान भी करेंगे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शांतिलाल माहौर पुत्र स्व. श्री मुरली माहौर, हाल निवासी-ग्राम छौंदा तह. व जिला मुरैना में अपने परिवारीजनों के साथ शांतिपूर्ण रूप से रहने वाला व्यक्ति हूं। यह कि मेरे परिवार में मेरी धर्मपत्नी के अलावा मेरे चार सुपुत्र है, जो कि मुनेन्द्र माहौर, रामू माहौर, चंद्रप्रकाश माहौर एवं आशीष माहौर है। यह कि मैने अपने पुत्र रामू माहौर को अपने परिवार से बेदखल कर दिया है। क्योंकि मेरे पुत्र रामू माहौर द्वारा आपराधिक किस्म के लोगों के साथ उठना-बैठना होने के कारण मेरे परिवार व अन्य पुत्रों पर इसका गलत प्रभाव पड़ रहा है, जिसके चलते मैने अपने परिजनों की सहमति से अपने पुत्र रामू माहौर को अपने परिवार से व मेरी हर प्रकार की चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, इतना ही नहीं मेरे पुत्र रामू माहौर द्वारा कई लोगों से रूपये उधार लिए गए है, जिसका भुगतान 5 लाख रूपये भी मेरे द्वारा दिया गया है, इसलिए मेरे पुत्र रामू माहौर का मेरे व मेरे परिवार से आज दिनांक के बाद किसी प्रकार का कोई संबंध सरोकार नहीं है। अब अगर मेरा पुत्र आगे भविष्य में किसी प्रकार का कोई अपराध कारित करता है अथवा किसी प्रकार का लेनदेन करता है तो उससे मेरा व मेरे परिवार का किसी प्रकार का कोई लेना-देना नहीं होगा और न किसी प्रकार की हमारी कोई जबावदेही होगी।

**सूचनाकर्ता**
**शांतिलाल माहौर पुत्र स्व. श्री मुरली माहौर, हाल निवासी-ग्राम छौंदा, तह. व जिला मुरैना म.प्र.**
**मोबाइल-8839380923**

**आम सूचना**

श्रीमती आरती सिकरवार पत्नी श्री श्याम सिंह सिकरवार के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम मुरैनागाँव, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.06 (शास्त्री वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.868, 876, 891मिन एवं 877 ग्राम मुरैनागाँव का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भूखण्ड राकेश, पश्चिम में-भूखण्ड पंडित जी उत्तर में -भूमि दीगर एवं दक्षिण में-रास्ता 20 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री गोपाल दुबे पुत्र श्री राधेश्याम दुबे, श्री नंदकिशोर डंडोतिया पुत्र श्री मुरारीलाल के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री गोपाल दुबे द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री दामोदर प्रसाद प्रजापति पुत्र श्री रामेश्वर प्रजापति को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792020ए 1254357 दिनांक 04.06.2020 से विक्रय की गई। श्री दामोदर प्रसाद प्रजापति द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती आरती सिकरवार पत्नी श्री श्याम सिंह सिकरवार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792023ए12056545 दिनांक 28.06.2023 से विक्रय की गई। श्रीमती आरती सिकरवार द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान सेन्ट्रम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.),**
**मो.नं. 98276-72710**